संख्या-45/2019/1259/46-1-19-1000(14)/2019

प्रेषक,

शिव शंकर द्विवेदी,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

जिला गन्ना अधिकारी/ बीज उत्पादन अधिकारी,
सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, शामली, मेरठ, हापुड़, बुलन्दशहर, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहॉपुर, लखीमपुर, सीतापुर, हरदोई, गोण्डा, बलरामपुर, बहराइच, बस्ती तथा कुशीनगर।

चीनी उद्योग अनुभाग-1 लखनऊ : दिनांक 11 नवम्बर, 2019

विषयः- अंशदायी आधार पर कृषि विपणन सुविधाओं के लिये अन्तर्ग्रामीण सम्पर्क मार्गों का निर्माण (जिला योजना) के अन्तर्गत चालू वित्तीय वर्ष 2019-20 में अनुदान संख्या-83 (एस.सी.एस.पी.) के अन्तर्गत प्राविधानित धनराशि की वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आयुक्त, गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग विभाग, उ.प्र. के पत्र संख्या-553/12-निर्माण:अ.ग्रा., दिनांक 20-8-2019 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि चीनी मिलों के सुरक्षित क्षेत्रों में यातायात की सुगम व्यवस्था उपलब्ध कराये जाने हेतु अंशदायी आधार पर कृषि विपणन के लिये सम्पर्क मार्गों का निर्माण योजना हेतु निर्धारित फंडिगं पैर्टन 80:20 के अनुसार 80 प्रतिशत राज्यांश के रूप में चालू वित्तीय वर्ष 2019-20 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या-83 के अन्तर्गत प्राविधानित की धनराशि रू. 3000.00 लाख (रूपये तीस करोड़ मात्र) के सापेक्ष जनपद सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, शामली, मेरठ, हापुड़, बुलन्दशहर, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहॉपुर, लखीमपुर, सीतापुर, हरदोई, गोण्डा, बलरामपुर, बहराइच, बस्ती तथा कुशीनगर के कुल 85 सम्पर्क मार्गों/सड़कों का निर्माण कार्य कराने हेतु संलग्नक तालिका में उनके सम्मुख कालम-5 में अंकित कुल लागत रू. 3750.104 (रूपये सैंतीस करोड़ पचास लाख दस हजार चार सौ मात्र) की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान करते हुए एवं तालिका के कालम-6 के अनुसार देय राज्यांश की कुल धनराशि रू. 3000.00 लाख (रूपये तीस करोड़ मात्र) के सापेक्ष कालम-7 में अंकित प्रथम किश्त के रूप में 50 प्रतिशत धनराशि अर्थात कुल धनराशि रू. 1500.00 लाख (रूपये पन्द्रह करोड़ मात्र) अवमुक्त किये जाने की श्री राज्यपाल निम्नलिखित शर्तों के साथ सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

(1) परिषद अंश की धनराशि की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उपरान्त ही जनपद विशेष के लिए स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष उसी सीमा तक धनराशि आहरित की जायेगी, जिस सीमा तक जनपद की जिला योजना में धनराशि का प्राविधान/आवंटन किया जा रहा है।

(2) जिला गन्ना अधिकारी/ बीज उत्पादन अधिकारी द्वारा राज्यांश का भुगतान तभी किया जायेगा जब सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित किये गये आगणनों के अनुसार ही व्यय किया गया होने की पुष्टि कर दी जाय।

(3) कार्य की विशिष्टियॉ मानक व गुणवत्ता के साथ कराये जाने की जिम्मेदारी संबंधित कार्यदायी

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

संस्था तथा जिला गन्ना अधिकारी/बीज उत्पादन अधिकारी की होगी। निहित प्रयोजन से यदि कोई धनराशि अवशेष बचती है, तो उसे व्यय करने के संबंध में प्रस्तर-1 के अनुसार शासकीय अंशदान के सापेक्ष जिला अनुश्रवण समिति के अतिरिक्त कार्ययोजना स्वीकृत कराकर उस पर शासन का पूर्व अनुमोदन प्राप्त किया जायेगा। अन्यथा की स्थिति में अवशेष धनराशि चालू वित्तीय वर्ष में ही वित्त विभाग को समर्पित की जायेगी।

(4) समस्त कार्यों हेतु कार्यदायी संस्था, अभियंत्रण शाखा कार्यालय गन्ना आयुक्त, उ.प्र. होगी। समस्त कार्य निर्धारित एवं अनुमोदित मानकों तथा विशिष्टियों के अनुरूप चालू वित्तीय वर्ष में सम्पादित कराये जायेंगे। यदि किसी अपरिहार्य परिस्थितिवश निर्धारित मानकों/विशिटियों में परिवर्तन किया जाना अपेक्षित हो तो उक्त परिवर्तन/विचलन स्वीकृत मूल आगणन में 5 प्रतिशत की सीमा तक अवर अभियन्ता/सहायक अभियन्ता द्वारा तैयार विचलन जिला गन्ना अधिकारी/अधिशासी अभियन्ता की संस्तुति पर अधीक्षण अभियन्ता द्वारा तथा 5 प्रतिशत से अधिक के विचलन/व्याधिक्य पूर्ति हेतु स्वीकृति अधीक्षण अभियन्ता की संस्तुति पर मुख्य अभियन्ता के द्वारा इस प्रतिबन्ध के साथ प्रदान की जायेगी कि प्रस्तावित कार्योंके विचलन/व्याधिक्य पूर्ति हेतु बजटीय प्राविधान संबंधित जनपद के अन्तर्गत उपलब्ध है।

(5) सेंटेज चार्जेज की धनराशि शासनादेश संख्या-ए-2-23/दस-2011-17(4)/75, दिनांक 25-01-2011 तथा शासनदेश संख्या-ए-1606/दस-2014-17(4)/75, दिनांक 11-11-2014 की व्यवस्थानुसार अनुमन्य होगी। प्रस्तर-1 में स्वीकृत धनराशि में संलग्नक तालिका के स्तम्भ-9 में अंकित सेटेंज की धनराशि जिला गन्ना अधिकारी/बीज उत्पादन अधिकारी द्वारा कोषागार से आहरित कर सीधे ही कार्यदायी संस्था, अभियन्त्रण शाखा, कार्यालय गन्ना आयुक्त, उ.प्र. को दी जायेगी।

(6) उक्त योजना के अन्तर्गत संचालित कार्यक्रमों के अन्तर्गत अनुदान बजट में निर्धारित सीमा के अन्दर किया जायेगा तथा योजना के संचालन का मूल्यांकन करते हुए उसकी रिपोर्ट शासन/वित्त विभाग को वित्तीय वर्ष की समाप्ति (दिनांक 31.03.2020) से पूर्व अनिवार्य रुप से उपलब्ध कराया जायेगा।

(7) आवंटित धनराशि को किसी ऐसे मद में न व्यय किया जाय, जिसके लिए फाइनेन्शियल हैन्ड बुक/बजट मैनुअल तथा स्टोर परचेज के नियम के अन्तर्गत शासन या अन्य सक्षम अधिकारी की पूर्व स्वीकृति आवश्यक है। ऐसा व्यय अपेक्षित स्वीकृति प्राप्त करके ही किया जाय। इस संबंध में वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2019/बी-1-170/दस-2019-231/2019, दिनांक 22-03-2019 एवं वित्त विभाग द्वारा समय-समय पर निर्गत शासनादेशों/आदेशों तथा बजट मैनुअल के प्राविधानों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

(8) प्रश्नगत कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व प्रायोजना पर सक्षम स्तर से एप्रेजल (Appraisal) एवं तकनीकी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जायेगी तथा सक्षम स्तर से स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात ही कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।

(9) स्वीकृति धनराशि प्रत्येक दशा में उसी कार्य/मद में व्यय की जायेगी जिस कार्य/मद हेतु स्वीकृत की गयी है। ऑकड़ों की शुद्धता एवं धनराशि की अनुमन्यता सुनिश्चित करेंगे।

(10) यह सुनिश्चित करेंगे कि स्वीकृत किये जा रहे इस कार्य हेतु पूर्व में राज्य सरकार अथवा किसी स्रोत से धनराशि स्वीकृत नहीं की गयी है तथा न ही यह कार्य किसी अन्य कार्य योजना में सम्मिलित है।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

(11) कार्य की विशिष्टयॉ मानक व गुणवत्ता आदि सुनिश्चित किया जायेगा तथा यथासमय उपयोगिता प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराया जायेगा।

(12) योजना में निहित राज/सहायता अनुदान का लेखा-जोखा रखने तथा प्रस्तर-1 में स्वीकृत धनराशि का उपयोगिता प्रमाण-पत्र/व्यय-विवरण महालेखाकार, इलाहाबाद तथा वित्त विभाग एवं शासन को नियमित रूप से उपलब्ध कराने एवं महालेखाकार, इलाहाबाद से लेखाओं के नियमित मिलान की कार्यवाही सुनिश्चित कराने का उत्तरदायित्व जिला गन्ना अधिकारी/वित्त नियंत्रक, कार्यालय गन्ना आयुक्त, उ.प्र., लखनऊ का होगा।

(13) स्वीकृत धनराशि एकमुश्त आहरित न कर धनराशि का आहरण निर्माण कार्य हेतु तत्कालीन आवश्यकता होने पर ही आवश्यक धनराशि आहरण एवं वितरण अधिकारी द्वारा कोषागार से आहरण कर कार्यदायी संस्थाओं को उपलब्ध करायी जाय। आहरित धनराशि बैंक/पी.एल.ए./पोस्ट आफिस अथवा डिपाजिट खाते में नहीं रखी जायेगी।

(14) शासनादेश के अनुसार स्वीकृत निर्माण कार्यों के सा`पेक्ष प्रस्तावित कार्य को पूर्ण कर लिये जाने पर पारदर्शिता तथा सामान्यजन को पूर्ण जानकारी प्राप्त होने के दृष्टिगत पूर्ण कार्यों का विविरण विभागीय वेबसाइट पर जनपदीय अधिकारियों के द्वारा अनिवार्य रूप से अपलोड भी किया जायेगा।

2. उपर्युक्त स्वीकृत धनराशि का व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2019-20 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या-83 के लेखाशीर्षक "5054-सड़कों तथा सेतुओं पर पूंजीगत परिव्यय-04-जिला तथा अन्य सड़कें-789-अनुसूचित जातियों के लिये विशेष घटक योजना-09-अंशदायी आधार पर कृषि विपणन के लिये सम्पर्क मार्गों का निर्माण-24-वृहत निर्माण कार्य" के नामें डाला जायेगा।

3. यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई-6-740/दस-19, दिनांक 08 नवम्बर, 2019 से प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं।

(संलग्नक-उपर्युक्तानुसार।

भवदीय,

(शिव शंकर द्विवेदी)
संयुक्त सचिव।

संख्या-45/2019/1259(1)/46-1-19-1000(14)/2019, तद्दिनांकित।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ.प्र., इलाहाबाद।
2. महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ.प्र., इलाहाबाद
3. महालेखाकार (आर्थिक एवं राजस्व लेखा परीक्षा), उ.प्र., छठां तल, केन्द्रीय भवन, सेक्टर-एच, अलीगंज, लखनऊ।
4. प्रमुख सचिव, समाज कल्याण विभाग, उ.प्र. शासन।
5. गन्ना आयुक्त, उ.प्र., लखनऊ।
6. वित्त नियंत्रक, कार्यालय गन्ना आयुक्त, उ.प्र., लखनऊ को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि संदर्भित धनराशि/बजट को सेन्ट्रल सर्वर के माध्यम से जनपदों को आवंटित करने का कष्ट करें।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

7. संबंधित जनपदों से सम्बन्धित मण्डलायुक्त।
8. संबंधित जनपदों के जिलाधिकारी।
9. संबंधित जनपदों के कोषाधिकारी।
10. संबंधित क्षेत्रीय उप गन्ना आयुक्त/संयुक्त गन्ना आयुक्त, उ.प्र.।
11. नियोजन अनुभाग-4/राज्य योजना आयोग-1/2,
12. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-6/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1,
13. बजट प्रकोष्ठ/कल्याण नियोजन प्रकोष्ठ, समाज कल्याण विभाग ।
14. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(सुशील कुमार शुक्ल)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

संख्या-45/2019/1259/46-1-19-1000(14)/2019, लखनऊ : दिनांक 11 नवम्बर, 2019 का संलग्नक।

क्र0	जनपद का नाम	सम्पर्क मार्ग का नाम	लंबाई (कि0मी0)	अनुमानित लागत (ला0रू0)	शासनादेश के अनुसार लागत पर देय राज्यांश की धनराशि (ला.रू.)	शासनादेश के अनुसार लागत पर देय राज्यांश की धनराशि के सापेक्ष प्रथम किस्त के रूप में 50 % अवमुक्त धनराशि (ला.रू.)	सेन्टेज की कुल धनराशि (ला0रू0)	सेन्टेज की कुल धनराशि के सापेक्ष प्रथम किस्त के रूप में 50 % अवमुक्त धनराशि (ला.रू.)	मार्ग के निर्माण हेतु सेन्टेज रहित कुल धनराशि (ला0रू0)	मार्ग के निर्माण हेतु सेन्टेज रहित कुल धनराशि के सापेक्ष प्रथम किस्त के रूप में 50 % अवमुक्त धनराशि (ला.रू.)
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	सहारनपुर	बीतिया से थरौली मार्ग	1.060	41.490	33.191	16.595	3.655	1.827	29.536	14.768
2	सहारनपुर	नकुड अम्बेहटा मार्ग पर गुरूद्वारा से जैनपुर	0.585	24.823	19.858	9.929	2.187	1.094	17.671	8.835
3	सहारनपुर	नवादा भजडू राजवाहे की पटरी से पंहासू की ओर	0.800	35.163	28.130	14.065	3.097	1.549	25.033	12.516
4	सहारनपुर	हसनपुर भलस्वा मार्ग	0.770	32.100	25.679	12.840	2.828	1.414	22.851	11.426
		योग जनपद	**3.215**	**133.576**	**106.858**	**53.429**	**11.767**	**5.884**	**95.091**	**47.545**
5	मु0 नगर	शुक्रतारी से भोकरहेडी की ओर	0.520	21.720	17.376	8.688	1.913	0.957	15.463	7.731
6	मु0 नगर	राखी पब्लिक स्कूल वाली सड़क से सोहजनी तगान में लछेडा रोड तक	0.525	20.770	16.616	8.308	1.830	0.915	14.786	7.393
7	मु0 नगर	कमालपुर में कैलास प्रधान के बाग से लेकर झमेल के खेत तक	0.940	37.600	30.079	15.039	3.312	1.656	26.767	13.383
8	मु0 नगर	पुरकाजी खाईखेडी वाया नारवे से खाईखेडी कम्हेडा मार्ग	1.000	36.980	29.583	14.791	3.257	1.628	26.326	13.163
9	मु0 नगर	हरनाकी से मारूखेडी की तरफ	0.620	24.740	19.791	9.896	2.179	1.090	17.612	8.806
10	मु0 नगर	रोहाना से गुरूवचन के कोल्हू से एस0एच0-59 तक	0.950	34.880	27.903	13.951	3.073	1.536	24.830	12.415
11	मु0 नगर	कल्लरपुर से कछौली होते हुए ग्राम दधेडू तक	0.800	33.450	26.759	13.380	2.947	1.473	23.812	11.907
		योग जनपद	**5.355**	**210.140**	**168.107**	**84.053**	**18.511**	**9.255**	**149.596**	**74.798**
12	शामली	ग्राम लपराना प्राइमरी स्कूल से नया गांव-मालेन्डी रोड तक	1.330	58.846	47.076	23.538	5.184	2.592	41.892	20.946
13	शामली	ग्राम नौजल से उस्मानपुर पटरी अवशेष भाग	0.660	27.109	21.687	10.843	2.388	1.194	19.299	9.649
14	शामली	ग्राम नागंल रजवाहा पुल से इस्माईलपुर की ओर सी0सी0 रोड	0.370	25.899	20.719	10.360	2.281	1.141	18.438	9.219
15	शामली	मन्टी हसनपुर मे प्रताप की दुकान से प्राइमरी स्कूल व गांव तक	0.100	8.173	6.538	3.269	0.720	0.360	5.818	2.909
		योग जनपद	**2.460**	**120.027**	**96.020**	**48.010**	**10.573**	**5.287**	**85.447**	**42.723**
16	मेरठ	मोहनराम मन्दिर से दुर्वेशपुर बली सम्पर्क मार्ग।	0.700	33.141	26.512	13.256	2.919	1.460	23.593	11.796
17	मेरठ	तारापुर गावड़ी सम्पर्क मार्ग से चामरोड़ मार्ग	1.000	46.653	37.321	18.661	4.110	2.055	33.211	16.606
18	मेरठ	चीनी मिल नगलाम्रल रोड़ से रछौती मार्ग प्रथम भाग।	1.600	84.628	67.697	33.848	7.455	3.727	60.242	30.121
19	मेरठ	उलखपुर पानी की टंकी से सड़क तक मार्ग	0.850	40.086	32.068	16.034	3.531	1.765	28.537	14.269
20	मेरठ	अतराड़ा पुरानी सड़क से मैन रोड़ तक शेष भाग।	0.415	25.393	20.314	10.157	2.237	1.119	18.077	9.038
		योग जनपद	**4.565**	**229.901**	**183.912**	**91.956**	**20.252**	**10.126**	**163.660**	**81.830**
21	हापुड़	नन्दपुर बासतपुर मोड़ से दोमा टीकरी मार्ग।	0.900	44.541	35.632	17.816	3.924	1.962	31.708	15.854

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

22	हापुड़	उपेड़ा पेटोल पम्प से ग्राम अटूटा पक्की रोड़ तक।	0.660	36.072	28.857	14.429	3.178	1.589	25.679	12.840
23	हापुड़	गढ स्याना रोड़ से ग्राम देहरा काली रोड़ तक ।	1.000	48.358	38.685	19.342	4.260	2.130	34.425	17.212
		योग जनपद	**2.560**	**128.971**	**103.174**	**51.587**	**11.362**	**5.681**	**91.812**	**45.906**
24	बु0शहर	ग्राम अटेरना काली रोड़ की पुलिया से ग्राम उर्दमी मार्ग प्रथम भाग	0.800	49.033	39.225	19.612	4.319	2.159	34.906	17.453
25	बु0शहर	जाॅहगीराबाद-औरंगाबाद रोड़ से हनूमान मन्दिर से टिटौंटा मार्ग प्रथम भाग	0.400	21.607	17.285	8.643	1.903	0.952	15.382	7.691
		योग जनपद	**1.200**	**70.640**	**56.510**	**28.255**	**6.222**	**3.111**	**50.288**	**25.144**
26	बिजनौर	झालू से मुकरन्दपुर प्रथम भाग	1.640	78.563	62.849	31.424	6.920	3.460	55.929	27.964
27	बिजनौर	इनामपुर से तकीपुर मार्ग	0.865	40.587	32.469	16.235	3.575	1.787	28.894	14.448
28	बिजनौर	शादीपुर-किरतपुर माग से जीवनपुर मार्ग	0.745	30.262	24.209	12.105	2.666	1.333	21.543	10.772
29	बिजनौर	ग्राम गंजालपुर से तितरवाला	0.800	36.374	29.098	14.549	3.204	1.602	25.894	12.947
30	बिजनौर	कासमाबाद से ठाठजट बक्शनपुर रोड़ तक	1.050	59.357	47.484	23.742	5.229	2.615	42.255	21.127
31	बिजनौर	रफैतपुर के पास से न्यायदरी खड़ण्जे मार्ग तक	0.430	21.621	17.296	8.648	1.905	0.953	15.391	7.695
32	बिजनौर	जटपुरा से रामनगर तिराहा मेन रोड तक	0.980	49.096	39.276	19.638	4.325	2.162	34.951	17.476
33	बिजनौर	जगूपुरा पोटी रोड से चाकरपुर सलावा तिराहे तक	1.300	62.829	50.262	25.131	5.534	2.767	44.728	22.364
34	बिजनौर	बाडीवाला से दरबड़ तक	1.100	54.392	43.512	21.756	4.791	2.395	38.721	19.361
35	बिजनौर	हीमपुर दीपा-टुंगरी मार्ग से जोेगीऔंधा मार्ग	1.000	48.900	39.119	19.559	4.308	2.154	34.811	17.405
		योग जनपद	**9.910**	**481.981**	**385.574**	**192.787**	**42.457**	**21.228**	**343.117**	**171.559**
36	अमरोहा	जमुनिया से शाहपुर अब्दुलबारी प्रथम भाग	1.000	56.328	45.061	22.531	4.962	2.481	40.099	20.050
37	अमरोहा	जमुनिया से शाहपुर अब्दुलबारी द्वितीय भाग	1.230	69.470	55.575	27.787	6.119	3.059	49.456	24.728
		योग जनपद	**2.230**	**125.798**	**100.636**	**50.318**	**11.081**	**5.540**	**89.555**	**44.778**
38	मुरादाबाद	ग्राम मिलक अमावती से मिर्जापुर तक	1.185	66.137	52.908	26.454	5.826	2.913	47.082	23.541
39	मुरादाबाद	ग्राम डुडैला से मिलक पहाडमऊ तक	1.250	59.555	47.643	23.821	5.246	2.623	42.397	21.198
40	मुरादाबाद	मझरा लाडपुर से सलेमपुर मन्दिर तक	0.300	15.798	12.638	6.319	1.392	0.696	11.246	5.623
		योग जनपद	**2.735**	**141.490**	**113.189**	**56.594**	**12.464**	**6.232**	**100.725**	**50.362**
41	सम्भल	असमौली दुगावर रोड से हीरापुर प्रथम भाग	1.400	73.091	58.471	29.235	6.438	3.219	52.033	26.016
		योग जनपद	**1.400**	**73.091**	**58.471**	**29.235**	**6.438**	**3.219**	**52.033**	**26.016**
42	रामपुर	ताजपुर बहेटा से दनियापुर मार्ग	1.200	63.116	50.491	25.245	5.560	2.780	44.931	22.465
		योग जनपद	**1.200**	**63.116**	**50.491**	**25.245**	**5.560**	**2.780**	**44.931**	**22.465**
43	बरेली	कुलुआडांडा से उज्हैतापुर लिंक रोड	1.200	62.757	50.204	25.102	5.528	2.764	44.676	22.338
44	बरेली	परशुराम गुडिया लेखराज मार्ग से चन्द्रपुर ख्याली राम तक	0.800	43.477	34.781	17.390	3.830	1.915	30.951	15.475
45	बरेली	शारदा नहर से मंगदपुर सम्पर्क मार्ग	0.550	28.153	22.522	11.261	2.480	1.240	20.042	10.021
46	बरेली	भुडिया मार्ग से मल्लूपुर छितौना सर्वजीत की मोटर तक	1.000	51.434	41.146	20.573	4.531	2.265	36.615	18.308
		योग जनपद	**3.550**	**185.821**	**148.653**	**74.326**	**16.369**	**8.184**	**132.284**	**66.142**

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

47	पीलीभीत	दहगला से सिमरिया मार्ग का शेष भाग	0.150	9.214	7.371	3.686	0.812	0.406	6.559	3.280
48	पीलीभीत	दुर्जनपुर कला मेन रोड से मझरा जहुरगंज ग्राम रोड (लालाराम)	0.200	13.046	10.437	5.219	1.149	0.575	9.288	4.644
49	पीलीभीत	ईटगांव बमरौली मार्ग से ककराही गौटिया नांद तक	0.600	33.191	26.552	13.276	2.924	1.462	23.628	11.814
50	पीलीभीत	रम्बोझा गजना मार्ग से पैनिया रम्बोझा मोड़ तक	0.515	29.937	23.949	11.974	2.637	1.318	21.312	10.656
		योग जनपद	**1.465**	**85.388**	**68.309**	**34.155**	**7.522**	**3.761**	**60.787**	**30.394**
51	शाहजहाँपुर	शाहबाजनगर में मो0 बेहटा प्राइमरी स्कूल से बड़ा मोहल्ला हाईवे रोड तक	0.995	64.887	51.908	25.954	5.716	2.858	46.192	23.096
52	शाहजहाँपुर	ग्राम मीरपुर से हरदुआ रोड़	0.540	34.674	27.738	13.869	3.054	1.527	24.684	12.342
		योग जनपद	**1.535**	**99.561**	**79.646**	**39.823**	**8.770**	**4.385**	**70.876**	**35.438**
53	लखीमपुर खीरी	भरतपुर मजरा भूड़ा मूड़ी मार्ग से सैनीपुरवा मार्ग	0.900	56.376	45.100	22.550	4.966	2.483	40.134	20.067
54	लखीमपुर खीरी	समैसापुर लालपुर रोड से भल्लू सिंह के खेत तक	0.400	27.317	21.853	10.927	2.406	1.203	19.447	9.724
55	लखीमपुर खीरी	ग्राम ओडारा गोढी से बंगाली कालोनी तक	1.000	62.722	50.176	25.088	5.525	2.762	44.651	22.326
56	लखीमपुर खीरी	जरिया से मियांपुर मार्ग अवशेष भाग	0.500	31.642	25.313	12.656	2.787	1.394	22.526	11.262
57	लखीमपुर खीरी	राजापुरबैनी गन्ना सेन्टर से छिदम्मी के खेत से होते हुए राजापुरबैनी तक	1.220	70.910	56.727	28.363	6.246	3.123	50.481	25.240
58	लखीमपुर खीरी	खमरिया से ढकिया सम्पर्क मार्ग शेष भाग	0.800	48.685	38.947	19.474	4.289	2.145	34.658	17.329
59	लखीमपुर खीरी	नझौटा बस स्टेण्ड से टननपुर सम्पर्क मार्ग	0.830	54.064	43.250	21.625	4.762	2.381	38.488	19.244
60	लखीमपुर खीरी	कृष्णानगर कालोनी से भूदान तक	1.000	62.712	50.168	25.084	5.524	2.762	44.644	22.322
61	लखीमपुर खीरी	सलिहाबाद मार्ग से ग्राम मूडाबुजुर्ग	1.350	79.801	63.839	31.919	7.029	3.514	56.810	28.405
62	लखीमपुर खीरी	महोलिया से लौकीखेडा बाया देवलरिया मार्ग अवशेष भाग	0.310	18.327	14.661	7.331	1.614	0.807	13.047	6.524
		योग जनपद	**8.310**	**512.556**	**410.034**	**205.017**	**45.148**	**22.574**	**364.886**	**182.443**
63	सीतापुर	लहरपुर रोड से जैतापुर मार्ग	0.800	51.338	41.069	20.534	4.522	2.261	36.547	18.273
64	सीतापुर	नयागांव खाले पुरवा से इब्राहिमपुर मार्ग	0.600	38.256	30.604	15.302	3.370	1.685	27.234	13.617
65	सीतापुर	रैघटा पलौली से भड़ौली	0.600	39.296	31.436	15.718	3.462	1.731	27.974	13.987
66	सीतापुर	प्राथमिक विद्यालय कटिया से किन्हौटी तक	0.800	50.432	40.345	20.173	4.442	2.221	35.903	17.952
67	सीतापुर	मुरारपुर सी.सी. रोड से सैदापुर प्राथमिक विद्यालय	1.200	74.788	59.829	29.914	6.588	3.294	53.241	26.620
68	सीतापुर	शंकरपुर सगरा मार्ग से लोहंगपुर सरैया मार्ग	0.600	37.559	30.046	15.023	3.308	1.654	26.738	13.369
		योग जनपद	**4.600**	**291.669**	**233.329**	**116.664**	**25.692**	**12.846**	**207.637**	**103.818**
69	हरदोई	ककेडी उल्लामउ मार्ग से भिठारी मार्ग अवशेष भाग	1.020	60.628	48.501	24.250	5.341	2.670	43.160	21.580
70	हरदोई	ककेडी उल्लामउ मार्ग भिठारी से सराय नहर पुल मार्ग	0.945	54.573	43.657	21.828	4.807	2.403	38.850	19.425
71	हरदोई	नंगापुरवा-रेउरी मार्ग से टीकमपुरवा मार्ग अवशेष भाग	0.253	15.189	12.151	6.076	1.338	0.669	10.813	5.407
72	हरदोई	मतुवा पुरवा से कुशालपुर मार्ग भाग-2	0.425	24.352	19.481	9.741	2.145	1.073	17.336	8.668
		योग जनपद	**2.643**	**154.742**	**123.790**	**61.895**	**13.631**	**6.815**	**110.159**	**55.080**

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

73	गोण्डा	म®तीगंज विद्यानगर तुर्काडीह मार्ग पर नहर पुलिया के सामने से वालपुर होते हुए सुमेरपुर पेंटेड रोड तक	0.950	54.977	43.980	21.990	4.843	2.422	39.137	19.568
74	गोण्डा	सुमेरपुर पेंटेड रोड से नथई वनकट होते हुए ककरघटा सीताराम के घर तक	1.000	64.230	51.383	25.692	5.658	2.829	45.725	22.863
75	गोण्डा	भानपुर सादुल्लानगर मार्ग से दक्षिण रऊतापुर तक	1.100	76.800	61.438	30.719	6.765	3.382	54.673	27.337
		योग जनपद	**3.050**	**196.007**	**156.801**	**78.401**	**17.266**	**8.633**	**139.535**	**69.768**
76	बलरामपुर	वि0खं0 इकौना में वीरपुर कटरा मार्ग से छोटी पिपरी से बड़ी पिपरी होते हुए बहरूपन टांडा तक	1.000	66.000	52.799	26.399	5.814	2.907	46.985	23.492
77	बलरामपुर	भवनीयापुर कला से युगराजपुर मार्ग	0.700	45.260	36.207	18.104	3.987	1.993	32.220	16.111
78	बलरामपुर	तुलसीपुर जरवा-नथनिया मोड़ से पिपरी ग्राम तक	0.390	27.009	21.607	10.804	2.379	1.190	19.228	9.614
79	बलरामपुर	तुलसीपुर लैबुड़वा मार्ग से पिपरा दुर्गानगर ग्राम तक	0.320	22.290	17.832	8.916	1.963	0.982	15.869	7.934
80	बलरामपुर	रहमरवा-चरगहिया मार्ग का अवशेष भाग	0.300	20.960	16.768	8.384	1.846	0.923	14.922	7.461
		योग जनपद	**2.710**	**181.519**	**145.213**	**72.607**	**15.989**	**7.995**	**129.224**	**64.612**
81	बहराइच	कोदही जैतापुर मार्ग से पट्टी कमालपुर	0.850	52.320	41.855	20.928	4.609	2.304	37.246	18.624
		योग जनपद	**0.850**	**52.320**	**41.855**	**20.928**	**4.609**	**2.304**	**37.246**	**18.624**
82	बस्ती	गौर वाल्टरगंज मार्ग से अर्जुनवीरों सम्पर्क मार्ग का अवशेष भाग का निर्माण कार्य।	0.600	39.630	31.703	15.852	3.491	1.746	28.212	14.106
83	बस्ती	प्रधानमंत्री सड़क से मरवटिया तिवारी से रमापतिपुर जोत का अवशेष भाग का निर्माण कार्य।	0.720	46.680	37.343	18.672	4.112	2.056	33.231	16.616
84	बस्ती	हरदिया बहेरिया सकरौला मार्ग का अवशेष भाग निर्माण कार्य।	0.900	65.710	52.567	26.283	5.788	2.894	46.779	23.389
		योग जनपद	**2.220**	**152.020**	**121.613**	**60.807**	**13.391**	**6.696**	**108.222**	**54.111**
85	कुशीनगर	ग्राम कोइन्दी गोसांईपट्टी पिच रोड से ग्राम अहिरौली राजा	0.900	59.770	47.815	23.908	5.265	2.633	42.550	21.275
		योग जनपद	**0.900**	**59.770**	**47.815**	**23.908**	**5.265**	**2.633**	**42.550**	**21.275**
		महा योग-	**68.663**	**3750.104**	**3000.000**	**1500.000**	**330.339**	**165.169**	**2669.661**	**1334.831**

(रूपये पन्द्रह करोड़ मात्र)

आज्ञा से,

(सुशील कुमार शुक्ल)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।